## » न्यूज-ब्रीफ

### कारी में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर का आयोजन

**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** ग्राम पंचायत कारी में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर का आयोजन सोमवार को नवलगढ़ पंचायत समिति प्रधान दिनेश सुण्डा की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में महावीर प्रसाद विकास अधिकारी, रोहिताश ढाका सहायक निदेशक कृषि, सुभाषचन्द्र सीगड़ सहायक कृषि अधिकारी, रणजीताराम सहायक विकास अधिकारी, सुमेर सिंह सरपंच कारी, संध्या पारीक ग्राम विकास अधिकारी, रजनी ग्राम विकास अधिकारी, कुलदीप ग्राम विकास अधिकरी, देवेन्द्र कुमार ग्राम विकास अधिकारी, सुमेरपुरी कनिष्ठ सहायक, हरीशचन्द्र सैन कनिष्ठ सहायक, रमेश मीणा कनिष्ठ सहायक, मुकेश मीणा कनिष्ठ सहायक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे। शिविर में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु परिवारों के लिए चलाई जा रही समस्त योजनाओं से लाभान्वित करने की जानकारी दी गई।

### चिड़ावा के डॉ. सुभाष भारद्वाज को मिला लाइफ अचीवमेंट अवार्ड

**चिड़ावा (सीमा सन्देश सं)।** ऑल इंडिया बाल रोग विशेषज्ञ एसोसिएशन ने चिड़ावा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुभाष भारद्वाज को लाइफ अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। आमतौर पर यह पुरस्कार मेडिकल कॉलेजों के प्रिंसिपल श्रेणी के चिकित्सकों को प्रदान किया जाता है, लेकिन डॉ. भारद्वाज की सेवाओं और दक्षता को देखते हुए उन्हें इस प्रतिष्ठित अवार्ड से नवाजा गया। डॉ. भारद्वाज को यह सम्मान मिलना चिड़ावा शहर के लिए गर्व की बात है। इस उपलब्धि पर शहर के सामाजिक कार्यकताओं मेहर कटारिया, राकेश सोनी, तेजप्रकाश सोनी, सुमित केडिया, मुकेश सैनी, देवेश कुमार, विक्रम सिंह और कर्मपाल ने अस्पताल पहुंचकर उन्हें बधाई दी और उनके योगदान की सराहना की।

### अमित नूनिया बने राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के चिड़ावा ब्लॉक अध्यक्ष

**चिड़ावा (सीमा सन्देश सं)।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के चिड़ावा ब्लॉक अध्यक्ष पद पर अमित नूनिया को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल व प्रदेश अध्यक्ष सीबी यादव के अनुमोदन से की गई। झुंझुनू सांसद विजेंद्र ओला, कांग्रेस प्रत्याशी अमित ओला और प्रदेश सचिव विजय मिल का का भी इस निर्णय में योगदान रहा।अमित नूनिया ने कहा कि वह संगठन को मजबूत बनाने और उसकी रीति-नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने अपने चयन के लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर उन्हें बधाई देने के लिए बलवीर सैनी, ओमवीर सिंह राठौड़, शाहरुख खान, नवीन, संदीप बुंदेला समेत कई लोग उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** कस्बे में बाइपास रोड पर सोमवार सुबह सडक हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई।पुलिस के अनुसार कस्बे के वार्ड 24 निवासी अनिल कुमार रैगर ने रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई दिनेश कुमार (23) रविवार को बाइक से नवलगढ़ गया था। सोमवार सुबह करीब 6 बजे नवलगढ़ से वापस आ रहा था। इस दौरान बाईपास रोड पर एक होटल के निकट अचानक पशु सामने आने से बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दिनेश की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक युवक अविवाहित बताया जा रहा है।

# मोबाइल एडिक्शन मुक्ति सेमिनार का भव्य आयोजन

**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल झुंझुनू में छात्रों और अभिभावकों के लिए एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य मोबाइल एडिक्शन से मुक्ति के उपायों पर जागरूकता बढ़ाना था। इस सेमिनार में कक्षा 5 तक के छात्रों और उनके अभिभावकों सहित 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अक्षय पारीक (एरिज इंस्टीट्यूट, यूएसए से प्रमाणित काउंसलर) ने मोबाइल की लत से छुटकारा पाने के लिए 50 से अधिक समाधान, सुझाव और उपयोगी तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को मोबाइल के सीमित और जिम्मेदार उपयोग के महत्व को समझाते हुए कई व्यावहारिक टिप्स साझा किए। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था के पास 22 से ज्यादा ऐसी तकनीक और टूल्स है जिनका उपयोग करके

अभिभावक आसानी से बच्चों की मोबाइल की लत को दूर कर सकता है। सह-वक्ता के रूप में ब्रेनोसेट ब्रेन मैपिंग लैब इंडिया की मैनेजिंग डायरेक्टर दीपा जैन ने मोबाइल के अत्यधिक उपयोग के मनोवैज्ञानिक और शारीरिक प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। सेमिनार के अंत में, स्कूल के उप-प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश गढ़वाल ने वक्ताओं को उनके बहुमूल्य योगदान और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। वक्ताओं ने भी स्कूल प्रबंधन के सीईओ डॉ. विवेक चौधरी और प्रधानाचार्य डॉ. अनंत शर्मा का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों और अभिभावकों को सही दिशा मिलती है।

इस सेमिनार ने बच्चों और अभिभावकों को मोबाइल एडिक्शन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया और इससे मुक्ति पाने के लिए उपयोगी रणनीतियाँ प्रदान कीं। अभिभावकों ने बच्चों को मोबाइल की लत को छुड़ाने के लिए ब्रेन मैपिंग लैब द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं को बच्चों को काउंसलिंग विभाग से उपलब्ध करवाया। यह कार्यक्रम ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ, जिससे सभी उपस्थित लोग मोबाइल उपयोग के प्रति अधिक सतर्क और जागरूक हो गए।

## उत्तर भारत हिंदू राष्ट्र अधिवेशन का समापन

**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** दो दिवसीय उत्तर भारत हिंदू राष्ट्र अधिवेशन का समापन हुआ। इस अधिवेशन के दौरान 15 प्रतिभागियों ने राजस्थान के प्रतिनिधि मंडल के रूप में भाग लिया। गोआ प्रांत की कार्यवाहक साधिका पूनम दीदी ने बताया कि इस अधिवेशन में हरियाणा , पंजाब, उत्तराखंड ,उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर ,दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई प्रदेशों के पदाधिकारी ने भाग लिया। इस दौरान अधिवेशन समापन के पश्चात झुंझुनू जिले से आए हुए प्रतिनिधियों वशिष्ठ कुमार शर्मा(पूर्व परियोजना अधिकारी) , जयराज जांगिड़(विश्व हिंदू परिषद, झुंझुनूं जिला उपाध्यक्ष) , मुरली मनोहर चोबदार (प्रधान भारत स्काउट गाइड) और कमल किशोर पंवार (जिला मुख्य मार्ग कार्य प्रमुख) सुविख्यात,गौरी गोपाल आश्रम कथा वाचक डॉ. अनिरुद्धाचार्य महाराज से धर्म परिचर्चा की और राष्ट्रीय कार्यों में सहभागिता के सूत्र लिए। साथ ही आश्रम द्वारा संचालित सेवा कार्यों, अखंड अन्नपूर्णा रसोई , वृद्धाश्रम और अन्य गतिविधियों का अवलोकन किया।

समापन सत्र के दौरान राजस्थान और हरियाणा प्रांत के कार्यवाहक कार्तिक सांकुले ने राजस्थान में हिंदू जन जागृति समिति के समन्वयक बनाने के विषय पर निर्देश दिए।

## डी.पी.एस के छात्र दुष्यंत सिंह ने विज्ञान मंथन परीक्षा में राज्य स्तर पर बनाई पहचान

**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, राष्ट्रीय विज्ञान संग्राहलय परिषद तथा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा में डूण्डलोद पब्लिक स्कूल, डूण्डलोद के छात्र दुष्यन्त सिंह का राज्य स्तर पर चयन हुआ है। प्रभारी लोकेश मेहता ने बताया कि छात्र दुष्यन्त सिंह के अलावा जिला स्तर पर विद्यालय के छात्र भूपेन्द्र पूनिया ने द्वितीय स्थान, कक्षा नवीं के छात्र मानव सिंह तथा कक्षा आठवीं की छात्रा आदविका मुरारका ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय संचालन समिति के निदेशक सुल्तान सिंह रणवॉ तथा सचिव बी. एल. रणवा ने परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया व आने वाली राज्य स्तरीय परीक्षा के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विद्यालय सचिव बी. एल. रणवॉ ने कहा कि छात्र दुष्यंत सिंह का राज्य स्तर पर चयन एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

यह सब छात्र के कठोर परिश्रम के साथ, अभिभावकों, डी.पी.एस. एवं अनएकेडमी की फैकल्टी के अथक परिश्रम एवं मार्गदर्शन का परिणाम है। कार्यक्रम में संचालन समिति के सदस्य राहुल रणवा, उपप्रधानाचार्य धनंजय लाल, प्रभारी रेखा स्वामी, सुमनलता, मनजीत कौर तथा समस्त डीपीएस परिवार उपस्थित था।

### विद्यालय एनसीसी कडेट्स ने राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर शहर में सफाई कार्य किया

**पिलानी (सीमा सन्देश सं)।** श्रीमती जमुना मिश्रा अकादमी विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा सोमवार को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के उपलक्ष पर कस्बा पिलानी स्थित तालाब के सामने साफ--सफाई कार्य कर शहर वासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस उपलक्ष पर सीटीओ जोनी महेश स्वामी ने कैडेट्स के साथ मिलकर सफाई में सहयोग किया व स्कूल प्रिंसिपल श्रीमती बूमा नटराजन ने भी बच्चों को शहर में प्रदूषण मुक्त व स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया व प्रदूषण नियंत्रण के साथ शहर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

## लोहिया शिक्षण संस्थान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**चिड़ावा (सीमा सन्देश सं)।** शहर के लोहिया शिक्षण संस्थान अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम में नवंबर माह में आयोजित प्री बोर्ड परीक्षा एवं मासिक परीक्षण कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गया अंग्रेजी माध्यम में एक्सीलेंट परफॉर्मेंस करने वाली छात्रा नीलैक्स पुत्री मुकेश सिंह को 1100 नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आईआईटी, जेईई एवं नीट परीक्षा की तैयारी करने वाले फाउंडेशन के विद्यार्थियों को भी नगद पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया। विद्यालय की विज्ञान वर्ग छात्र मीनू ,निशा कला वर्ग की छात्रा चंचल, वाणिज्य वर्ग की छात्रा हर्षिता व कक्षा दसवीं की छात्रा ईशू व नितेश को विद्यालय द्वारा आयोजित प्री बोर्ड परीक्षा में उत्तम अंक लाकर अकादमी परीक्षा परिणाम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विद्यालय के चेयरमैन राम सिंह नेहरा ,निदेशक जगपाल सिंह यादव, प्रिंसिपल प्रमोदिनी दुबे, प्रधानाचार्या प्रमिला झाझड़िया चेयरपर्सन ममता नेहरा आदि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परीक्षा परिणाम को कठिन परिश्रम से बेहतर बनाने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया ।इस कार्यक्रम में संस्था सचिव प्रदीप नेहरा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय सिंह बडेसरा, कोऑर्डिनेटर प्रदीप कुमार शर्मा ,पूरणमल गजराज गुलझार खान ,प्रदीप सोनी, संदीप राव ,विमलेश जांगिड़ ,सुशील शर्मा, राजकुमार, सुरेश भालोठिया ,सरिता राव, कविता सोनी ,नरेश कुमार आदि समस्त स्टाफ के सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## पोदार कॉलेज के चार विद्यार्थियों का शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर की फुटबॉल टीम में चयन

**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट नवलगढ़ द्वारा संचालित सेठ ज्ञानीराम बंशीधर पोदार कॉलेज नवलगढ़ के दो छात्र व दो छात्राओं का पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर की फुटबॉल (महिला व पुरुष) टीम में चयन हुआ है। पुरुष फुटबॉल टीम में समीर गोरी व बंटी जांगिड़ का चयन हुआ तथा महिला फुटबॉल टीम में गरिमा शर्मा व समैया का चयन हुआ है।खेल अधिकारी राजपाल सिंह ने बताया कि दोनों छात्राएं 5 दिसंबर,2024 को वर्धमान महावीर ओपन विश्वविद्यालय, कोटा में होने वाली अन्तर विश्वविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर का प्रतिनिधित्व करेगी।दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन राजीव के. पोदार, ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार, अधिशासी निदेशक एमडी शानभाग, निदेशक पी.आर. एवं आई.पी. डॉ. विनोद कुमार सैनी तथा पोदार कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों एवं कोच राजपाल सिंह व महिला कोच किरण सैनी को बधाइयां व शुभकामनाएं प्रेषित की।

## राज्य मंत्री प्रहलाद राय आए चिड़ावा जगराता शिविर में हुए शामिल

**चिड़ावा (सीमा सन्देश सं)।** राज्य मंत्री व श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने कहा कि सरकार माटी कला कामगारों के उत्थान के लिए संकल्पबद्ध है। कामगारों के विकास के लिए कई योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। टाक ने यह जानकारी उन्होंने चिड़ावा में खेतड़ी रोड पर आयोजित कार्यक्रम में अपने अभिनंदन के दौरान दी। उन्होंने कहा कि माटी कला कामगारों को रोजगार देने एवं उनके उत्थान की दिशा में मुख्यमंत्री की बजट घोषणा में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना के लिए 5 करोड़ रुपए की घोषणा की गई है। जिसके संबंध में बोर्ड द्वारा जमीन आवंटन के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

भूमि आवंटन के बाद बोर्ड द्वारा सेंटर ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना की अग्रिम कार्यवाही की जाएगी. उन्होंने बताया कि सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में कामगारों के प्रशिक्षण, नवीन व उन्नत तकनीकी मशीनरी, मार्केटिंग और ब्रांडिंग, माटीकला पर्यटन, प्रशासनिक, गेस्ट हाउस एंव हॉस्टल, अनुसंधान एवं विकास एवं माटीकला आधुनिक फरनेंस सिस्टम के लिए अलग-अलग ब्लॉक बनाये जाएंगे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में कुंभकारों की स्थिति को लेकर स्थानीय पदाधिकारियों से जानकारी भी ली। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा,जिला अध्यक्ष राजस्थान कुमार कुमावत महासभा के विनोद लुहानीवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम ऑपरेटर, युवा मोर्चा महासभा अध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला महामंत्री हेमंत, शिव कुमार, पूर्व पार्षद सुरेश जलिंद्रा, मुकेश जलिंद्रा, परमेश्वर लाल बिसाऊ, बालूराम , बाबूलाल , राधेश्याम ऑपरेटर, संतोष देवी आदि सहित समाज के काफी लोग मौजूद रहे।

## झुंझुनूं एकेडमी में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

- **ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ. दुष्यंत सोनी ने बच्चों को दिए स्वस्थ रहने के टिप्स**

**झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)।** एकेडमी विज्डम सिटी में दिनांक 02 दिसम्बर 2024 को प्रार्थना सभा में स्वस्थ एवं निरोग रहने के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में झुंझुनूं एकेडमी के एल्यूमिनी ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ. दुष्यंत

सोनी उपस्थित थे। सर्वप्रथम स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, उप प्राचार्या सरोज सिंह, हैड-मिस्ट्रेस उमा शर्मा एवं प्रशासक कमलेश कुलहरि ने पुष्प - गुच्छ भेंट कर डॉ. सोनी का स्वागत-अभिनंदन किया। इसके पश्चात डॉ. सोनी ने सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापक - अध्यापिकाओं को स्वास्थ्य से संबंधित अनेक टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि अनिद्रा से बचें तथा भरपूर नींद लें। मोबाइल फोन का कम से कम इस्तेमाल करें और रात में सोने से पहले तो बिल्कुल भी न करें, विटामिन 'डी' के लिए सूर्य की धूप अवश्य लें। व्यायाम नियमित रूप से करें। शुद्ध शाकाहारी भोजन ग्रहण करें, प्रोटीन चीजों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें, इससे शरीर की हड्डियाँ मजबूत बनेंगी। शरीर स्वस्थ रहेगा तो मस्तिष्क भी स्वस्थ रहेगा।

कार्यक्रम के अगले चरण में बच्चों ने भी स्वास्थ्य को लेकर अनेक सवाल किए जिनके सहज जवाब देकर उन्होंने सबकी जिज्ञासाएं शांत की। प्राचार्य डॉ. शर्मा ने डॉ. सोनी का धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया।

**अधिवक्ता दिवस विशेष** — अधिवक्ता के कन्धों पर टिका है विधि का शासन

## नए भारत को गढ़ने में अधिवक्ताओं की रही है अहम भूमिका : मनोज कुमार मील

**झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)।** आज भारत के प्रथम राष्ट्रपति, महान कानूनविज्ञ व स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद का जन्म दिवस तीन दिसम्बर है। जो देश में अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

डॉ राजेन्द्र प्रसाद वो शख़्सियत जिन्होंने मात्र 18 वर्ष की उम्र में ही कोलकाता विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा प्रथम स्थान से पास की और फिर कोलकाता के प्रसिद्ध प्रेसीडेंसी कॉलेज में दाखिला लेकर लॉ के क्षेत्र में डॉक्टरेट की उपाधि गोल्ड मैडल के साथ हासिल की। डॉ राजेन्द्र प्रसाद हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, बंगाली एवं फारसी भाषा से पूरी तरह परिचित थे। डॉ राजेंद्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति के साथ संविधान समिति के अध्यक्ष भी थे और इन सबके पहले वह वकील रहे हैं।

ये बातें आज भी युवा अधिवक्ताओं को रोमांचित करती हैं। स्वतंत्रता संग्राम में वकीलों का सर्वाधिक योगदान रहा है औरए स्वतंत्रता संग्राम में वकीलों ने जमकर लोहा लिया है। स्वतंत्रता ही नहीं अपितु जब स्वतंत्रता मिली और नए भारत को गढ़ने का समय आया तब भी वकीलों की महत्ता बनी रही। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से लेकर लाला लाजपत राय, सी राजगोपालाचारी, पण्डित जवाहर लाल नेहरू, डॉ राजेंद्र प्रसाद, चितरंजन दास, सरदार वल्लभभाई पटेल, तेज बहादुर सप्रू, गोविंद वल्लभ पंत, आसफ अली, भुला भाई देसाई,

डॉ बी आर अम्बेडकर तक असंख्य लोग वकालत के पेशे से अपने जीवन की शुरूआत करने वाले रहे हैं। इन सभी भारत की महान विभूतियों के प्रारंभिक पेशे वकालत ही रहे हैं। भले ही बाद में यह लोग भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री,गृहमंत्री भी बने। देश की एकता व अखण्डता के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वालों में अधिवक्ताओं का कोई सानी नहीं है। आजादी की जंग के समय से पहले भी वकालत इंग्लैंड का राजशाही पेशा रहा है। सभ्रांत घरानों के लोग वकालत करते थे। वकील के गाउन में पीछे दो जेब होती थी, इन पीछे की दो जेबों का अर्थ था। अपने क्लाइंट से कोई राशि नहीं मांगी जाना अर्थात क्लाइंट जो चाहे अपनी इच्छानुसार जेब में पारिश्रमिक डाल जाए। आज भी वकालत के पेशे में नैतिकता व सिद्धान्त की पालना करने वाले

अधिवक्ता अलग ही मान-सम्मान पाते हैं। अधिवक्ता की गरिमा वर्तमान भारत में भी ज्यों की त्यों बनी हुई है।

अधिवक्ता आज भी मानवतावादी विचारों और मानवीय स्वतंत्रता के लिए संघर्षरत हैं। भारत की सारी न्याय व्यवस्था अधिवक्ता के काम पर टिकी हुई है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं है कि न्याय मिल ही इसलिए रहा है क्योंकि अधिवक्ता उपलब्ध हैं। अधिवक्ता न्यायालय के अधिकारी हैं, कभी-कभी वह न्यायाधीश से उच्च स्तरीय प्रतीत होते हैं क्योंकि संपूर्ण न्याय व्यवस्था का भार इन्हीं काले कोट वाले कानूनविज्ञ व्यक्तित्व के धनी अधिवक्ता के कंधों पर है। अगर अधिवक्ता न हो तो भारत की जनता को न्याय मिलना असंभव सा हो चले।

यदि इस विषय पर अधिक विस्तृत अध्ययन किया जाए तो विधि शासन को बनाए रखने में अधिवक्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। व्यक्ति अपने अधिकारों के अतिक्रमण होने पर न्यायालय की ओर रुख करता है और न्यायालय का रास्ता वकील के मार्गदर्शन में ही पाया जाता है। भारत की न्याय व्यवस्था को समझने और उस पर कार्य करने के लिए विशेष कौशल चाहिए होता है। आम जन के लिए ऐसा कौशल पाना सरल कार्य नहीं है। अधिवक्ता ही आपके वैधानिक और मौलिक अधिकारों के लिए न्यायालय तक आपको ला सकता है और न्याय की सुखद अनुभूति से महका सकता है। मनुष्य की असभ्य युग से सभ्य युग तक आने की यात्रा बहुत लंबी है । इस यात्रा के बाद विधि शासन का जन्म होता है और विधि शासन को बनाए रखने वाली अदृश्य शक्ति एक प्रकार से अधिवक्ता ही हैं। यह बात पूरी तरह ठीक नहीं है कि विधि शासन को केवल सरकार बरकरार रखती है अपितु इसमें अधिवक्ता का भी विस्तृत और अकल्पनीय योगदान है। परन्तु वह अदृश्य है जो दिखाई नहीं दे रहा है। यह अदृश्य कंधे ही इतने विशाल देश के विधि शासन के पर्वत को लेकर चल रहे हैं क्योंकि अधिवक्ता के नहीं होने पर न्यायालय के संचालन की कल्पना ही व्यर्थ है। वकीलों ने हर युग में मानवता के हितार्थ कार्य किये हैं। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर वर्तमान के इस युग में भी समतावादी सिद्धांत और मानवतावादी विचारों के लिए वकील प्रयासरत हैं। कानून व न्याय में विश्वास रखने वाले हरेक काले कोट वाले विद्वानों व आमजन को अधिवक्ता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

महान कानूनविज्ञ स्वतंत्रता सेनानी व भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद को कोटि कोटि नमन-वन्दन।

**टाटा कैपिटल लिमिटेड**
पंजीकृत पता: पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, टॉवर ए, 11वां तल, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर परेल, मुम्बई-400013.
शाखा पता : द्वितीय तल, गुमान टावर1, नजदीक आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर, राजस्थान -302021

**अचल सम्पत्ति के विक्रय के लिए बिक्री सूचना**
नियम 8 (6) सहपठित प्रतिभूति हित(प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के अधीन)
प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित नियम 8(6) के प्रावधानों सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

**ऋण खाता सं. 7838762(पुनर्गठित ऋण खाता) TCFLA0306000011102626) और 8920106 और TCFLA0306000010899973 राजेन्द्र यादव**

यहां सूचित किया जाता है कि **टाटा कैपिटल लिमिटेड (टीसीएल)** एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है और कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत निगमित है और इसका पंजीकृत कार्यालय पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, टॉवर ए, 11वीं मंजिल, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013 और अन्य स्थानों के बीच एक शाखा कार्यालय राजस्थान ('शाखा') में है। दिनांक **24.11.2023** के आदेशों के तहत, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) मुंबई ने धारा 230 से 232 के प्रावधानों सहपठित धारा 66 और कंपनी अधिनियम, 2013 (उक्त स्कीम) के अन्य लागू प्रावधानों के तहत अंतरितक के रूप में टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ('टीसीएफएसएल') और टाटा क्लीनटेक कैपिटल लिमिटेड ('टीसीसीएल') और अंतरिती के रूप में टाटा कैपिटल लिमिटेड ('टीसीएल') के बीच व्यवस्था की योजना को विधिवत मंजूरी दी हुई है। इसके संदर्भ में, टीसीएफएसएल और टीसीसीएल (अंतरितक कंपनियां) 01.01.2024 से प्रभावी इस संबंध में अपने उपक्रम के साथ सभी संपत्तियों, आस्तियों, अधिकारों, लाभ, ब्याज, कर्तव्यों, दायित्वों, देनदारियों, अनुबंधों, समझौतों, प्रतिभूतियों आदि के साथ टीसीएल में विलय कर चुकी हैं। उक्त आदेश और योजना के अनुसरण में, टीसीएफएसएल द्वारा निष्पादित सभी सुविधा दस्तावेज और उनके संबंध में सभी बकाया आवेदक कंपनी को हस्तांतरित कर दिए गए और इस प्रकार टीसीएल उसके संदर्भ में [ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों] से दावा करने की हकदार है।

जन सामान्य तथा विशेष रूप से नीचे ऋणधारक और/सह-ऋणधारक को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्ति जो टाटा कैपिटल लिमिटेड **(सुरक्षित लेनदार/टीसीएल)** के पास गिरवी है, का कब्जा टाटा कैपिटल लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, को **'जो है जहां है', 'जैसा है जो है' तथा 'जो भी वहां है' और बिना रिकोर्स के** आधार पर **08 जनवरी 2025** को विक्रय किया जाएगा।

चूंकि सुरक्षित ऋण की वसूली के लिए सुरक्षित आस्ति की बिक्री की जानी है और चूंकि **19.11.2024** के अनुसार ऋण खाता संख्या 7838762 (पुनर्गठित ऋण खाता टीसीएफएलए0306000011102626) और 8920106 और टीसीएफएलए0306000010899973 के तहत राशि 3,17,83,649.88/- (रुपये तीन करोड़ सतरह लाख तिरासी हजार छह सौ उनचास व पैसे अठासी मात्र) देय हैं, ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों से मांग की गई थी, अर्थात **(1) राजेंद्र यादव; (2) गीतांजलि यादव; दोनों निवासी** प्लॉट नंबर 59, सेक्टर- 5, एस.के. सोनी हॉस्पिटल के पीछे, विद्याधर नगर, जयपुर, राजस्थान- 302023; **(3) मैसर्स सैपलिंग्स एजुकेशन सोसाइटी, अपने सचिव के माध्यम से,** 40-41, शिव नगर-I, मुरलीपुरा स्कीम, विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर, राजस्थान-302039; **(4) महेंद्र सिंह उर्फ महेंद्र सिंह यादव; (5) प्रह्लाद राय यादव; (6) शिवानी यादव; सभी निवासी** मकान नंबर 41, शिव नगर- 1, मुरलीपुरा स्कीम, विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर, राजस्थान- 302013; **और (7) मैसर्स एडीए एजुकेशन सोसायटी, इसके सचिव के माध्यम से,** मकान नंबर 59, सेक्टर 5, एस.के. सोनी हॉस्पिटल के पीछे, विद्याधर नगर, जयपुर, राजस्थान- 302023.

यहां यह सूचित किया जाता है कि विक्रय में किसी स्थगन/रद्द के बिना यह सम्पत्ति टीसीएल के शाखा कार्यालय द्वितीय तल, गुमान टावर 1, आम्रपाली सर्किल के पास, वैशाली नगर, जयपुर (राजस्थान)-302021 पर **08 जनवरी 2025** को दोपहर 2.00 बजे ई-नीलामी से बेची जाएगी।

सम्पत्ति की खरीद के लिए ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट के साथ सीलबंद ई-नीलामी टाटा कैपिटल लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त **07 जनवरी 2025** को **सायं 5 बजे** तक प्राप्त किए जाएंगे।

| सुरक्षित आस्तियों का विवरण | कब्जे का प्रकार (रचनात्मक/भौतिक) | आरक्षित मूल्य (रु) | बयाना राशि ईएमडी (रु.) |
|---|---|---|---|
| सेक्टर-5, विद्याधर नगर, जयपुर, राजस्थान पर प्लॉट संख्या 5/59 के समस्त खण्ड व हिस्से, अधिमापन 275 स्क्वैयर मीटर, अधिक विवरण लीज डीड 30.12.2004 में राजेंद्र यादव के पक्ष में निष्पादित में । सीमाबद्ध इस प्रकार है: पूर्व: प्लॉट नंबर 58; पश्चिम: प्लॉट नंबर 60; उत्तर: प्लॉट नंबर 62 और 63; दक्षिण: सड़क. | भौतिक | रु. 4,66,60,000/- (रुपये चार करोड़ छियासठ लाख साठ हजार मात्र) | रु. 46,66,000/- (रुपये छियालीस लाख छियासठ हजार मात्र) |

बिक्री के लिए रखी जाने वाली संपत्ति का विवरण अनुसूची में रखा गया है। चल वस्तुएं/घरेलू वस्तुसूची, यदि ऊपर वर्णित सुरक्षित आस्ति के अंदर और भीतर पड़ी है, सुरक्षित आस्ति के साथ बिक्री के लिए तब तक उपलब्ध नहीं होगी जब तक कि नीलामी बिक्री नोटिस में विशेष रूप से व